- शकुंतला विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में संगोष्ठी हुई
- लघुचित्रों, मृणमूर्तियों, प्रस्तर मूर्तियों का प्रदर्शन किया गया कॉलेज में

## संविधान की प्रस्तावना भारत निर्माण का आईना

शकुंतला विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में कुलपति की अध्यक्षता में राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि दलित इण्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, यूपी चैप्टर के अध्यक्ष कुंवर शशांक समेत अन्य रहे। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना आधुनिक भारत के निर्माण का आईना है।

## व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रदर्शनी लगाई गई

शशि भूषण डिग्री कॉलेज और राज्य संग्रहालय की ओर से बाबा साहब के व्यक्तित्त्व व कृतित्व पर प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें लघुचित्रों, मृण्मूर्तियों, प्रस्तर मूर्तियों, हाथी दांत और काष्ठ कलाकृतियों के छाया चित्र व फाइबर कास्ट के मॉडल प्रदर्शित किए गए। इस दौरान कक्षा 11 से स्नातक तक के विद्यार्थियों के बीच ऑन द स्पॉट क्विज प्रतियोगिता हुई।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना आधुनिक भारत के निर्माण का आईना है। इस अवसर पर दलित इण्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज यूपी चैप्टर के अध्यक्ष कुंवर शशांक ने कहा कि दलित इण्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मिलकर दलितों और वंचितों को उद्योग की मुख्य धारा में सामान अवसर उपलब्ध करा रही है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नीतू सिंह ने कहा की वीमेन लिबरेशन का इतिहास बाबा साहब के बिना अधूरा है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एवं हिंदी के कथाकार डॉ. अमित कुमार राय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी अपनी प्रदत्त अस्मिता को लेकर जीते है लेकिन एक और अस्मिता है अर्जित अस्मिता। कार्यक्रम में प्रभारी भर्ती सेल डॉ. संजीव गुप्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आशुतोष पाण्डेय, यूजीसी के समन्वयक डॉ. राशि कृष्ण सिन्हा, स्थायी आयोजन समिति की ओर से डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, कृत्रिम अंग पुनर्वास केंद्र के प्रबंधक डॉ. रणजीत कुमार, डॉ. विभा तिवारी समेत सभी शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# त के मूर्तिकार हैं बाबा साहब :

www.epaper.loksatya.com लोकसत्य

# 69 वें बाबा साहब डॉ भीमरॉव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



**लखनऊ, लोकसत्य।** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र के सभागार में आधुनिक भारत के निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। कुलपति आचार्य संजय सिंह की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दलित इण्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, यूपी चैप्टर के अध्यक्ष कुंवर शशांक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यान्त हिन्दू पीजी कॉलेज की मानव शास्त्र विभाग की आचार्य प्रो नीतू सिंह, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो वीके सिंह, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एवं हिंदी के कथाकार डॉ अमित कुमार राय, विश्वविद्यालय के कुलानुशाशक प्रो सी के दीक्षित, कार्यक्रम के संयोजक प्रो यशवंत वीरोदय एवं संचालक डॉ कौशकी सिंह मंच पर उपस्थित रहीं। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना आधुनिक भारत के निर्माण का आईना है। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ जिसके साथ डॉ. अंबेडकर ने एक नए भारत की बुनियाद रखी। इसलिए वे आधुनिक भारत के निर्माता है यही कारण है कि बाबा साहब की तर्कसंगतता और प्रसंगगिता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो नीतू सिंह ने कहा की वीमेन लिबरेशन का इतिहास बाबा साहब के बिना अधूरा है उन्होंने सिर्फ दलितों के लिए ही नहीं बल्कि सभी वर्ग की महिलाओ को सामाजिक गुलामी से मुक्ति के लिए अभियान चलाया।

# प्रतिदिन बढ़ रही बाबा साहब की प्रासंगिकता

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र के सभागार में शुक्रवार को आधुनिक भारत के निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि दलित इंडियन चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज यूपी चैप्टर के अध्यक्ष कुंवर शशांक एवं विशिष्ट अतिथि विद्यांत हिंदू पीजी कालेज की मानव शास्त्र विभाग की आचार्य प्रो. नीतू सिंह उपस्थित रहीं।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना आधुनिक भारत के निर्माण का आईना है। 26 जनवरी 1950 को डा. अंबेडकर ने एक नए भारत की बुनियाद रखी।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में सेमिनार

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विवि में डा.भीमराव आंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। आध्यात्मिकता पर प्रवचन: बौद्ध धर्म पर डा. आंबेडकर के विचारों पर दोबारा गौर करना विषयक सेमिनार की कार्यवाहक कुलपति प्रो. एसके द्विवेदी, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. यूवी किरण ने शुरुआत की। डीन आफ एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.विक्टर बाबू की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि इंडियन रेलवे मैनेजमेंट सर्विस के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर डा. पद्म सिंह ने कहा कि यह बाबा साहब के ही प्रयासों का परिणाम है कि समाज के हांशिए पर रहने वाले वर्गों को बराबरी का दर्जा मिला। डा. राकेश भारती ने कहा कि उन्होंने प्रभुत्व भारत का स्वप्न देखा और उसे पूरा करने के लिए प्रयत्न किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रो. मुनेश कुमार मौजूद रहे।

## चाइल्ड ल... बाल विव...

जासं • ल... रोकने की स... चाइल्ड ला... को विवाह ... करा दिया। ... तिलक व 1...

विकास ... नाबालिग ... प्राप्त हुई। ... पर चाइल्ड... बनाकर ... बालिका के...

DR. RAM MANOHAR LOHIA INSTITUT...
VIBHUTI KHAND, GOMTI NAGAR, LU...
Ph. No. : 0522-6692000, Website : ...
email : directordrrmlims@...

Ref. No. 14PR CELL(M.Sc. Nuclear Medicine)/Dr.RMLIM...

Admission Notifica...

Applications are invited online from elig...

DR. RAM MANOHAR LOHIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
VIBHUTI KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW- 226 010 (UP)